हनुमान चले आना | by Sandeep Rajput

फ़रियाद मेरी सुनके हनुमान चले आना
मैं ध्यान धरु तेरा बिगड़ी को तुम बनानां
राम राम बोलो जय सियाराम
राम राम बोलो जय सियाराम

तुमको समझ के अपनी फ़रियाद सुनाता हूँ
मैं सुबह शाम मन में तेरा ध्यान लगाता हूँ
क्या भूल गए मुझको मेरे राम हनुमान
लेता हूँ नाम तेरा चले आओ हनुमान
चले आओ हनुमान, चले आओ हनुमान,
राम राम बोलो जय सियाराम
राम राम बोलो जय सियाराम

तुझ बिन न कोई मेरा हनुमान सहारा
इस जीवन को मैंने तुझ पर ही है वारा
क्या यूँ ही तड़पना है हनुमान तू बता
क्या मेरी इस खता की सजा तो है तू बता
सजा तो है तू बता, सजा तो है तू बता
राम राम बोलो जय सियाराम
राम राम बोलो जय सियाराम

आँखों में भरे आंसू तुम तरस तो खाओ
क्या दोष हुआ मुझसे मुझको तो बताओ
अब मेहर करो सुनकर बाबा मेरे हनुमान
बिगड़ी तुम्ही बनाना मेरे राम हनुमान
मेरे राम हनुमान, मेरे राम हनुमान
राम राम बोलो जय सियाराम
राम राम बोलो जय सियाराम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%a8%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%a8-%e0%a4%9a%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%86%e0%a4%a8%e0%a4%be-by-sandeep-rajput/